महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू.वि. / प्रपप्र / 2023 / 1655-59 | दिनांक : 14.07.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
एम0जे0पी0रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषय–विधि (त्रिवर्षीय / पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बार काउन्सिल आफ इण्डिया की मान्यता सम्बन्धित पत्राजात उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

सत्र 2023–24 हेतु विधि (त्रिवर्षीय / पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। समस्त प्रवेश विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली 2023 (विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है) एवं बार काउन्सिल आफ इण्डिया के प्राविधानों के अन्तर्गत किये जायेंगे।

इस सम्बन्ध में आपको सूचित करना है कि कृपया विश्वविद्यालय एवं बार काउन्सिल आफ इण्डिया से महाविद्यालय को प्राप्त निम्नलिखित स्वीकृति / अनुमोदन पत्र निर्गत होने से एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें : –

1. सत्र 2023–24 हेतु बार काउन्सिल आफ इण्डिया से प्राप्त अनुमति / स्वीकृति सीटों की संख्या।
2. विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता एवं कक्षा संचालन की अनुमति।
3. महाविद्यालय के अनुमोदित प्राचार्य / शिक्षकों की स्थिति, वेतन भुगतान का बैंक स्टेटमेन्ट आदि।

महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त अभिलेख समय से उपलब्ध न कराये जाने की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालय में एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय) एवं (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश सम्भव नहीं हो सकेंगे, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा। साथ ही बार काउन्सिल आफ इण्डिया द्वारा निर्गत अनुमति पत्र महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

/

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समन्वयक, ऑनलाइन प्रवेश सत्र 2023–24
2. निजी सचिव–कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव
4. प्रभारी, बेवसाइट को उक्त पत्र अपलोड करने हेतु

14/7/23

कुलसचिव